ont>

Title: Need for construction of a National Highway connecting Jhansi-Khajuraho-Kalinjar-Chitrakut and Allahabad.

श्री राम सजीवन (बांदा) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भू-भाग और मध्य प्रदेश के उत्तरी भू-भाग के सीमावर्ती क्षेत्र को बुन्देलखण्ड के नाम से जाना जाता है। दोनों राज्यों के कई जिलों और करोड़ों निवासियों का यह पर्वतीय और वनाच्छादित क्षेत्र अति पिछड़ा है और यातायात के अभाव की समस्या से भी पीड़ित है। सड़कों का भीषण अभाव है, जबकि इसी क्षेत्र में विश्वप्रसिद्ध खजुराहो के मंदिर, कालिंजर का किला तथा प्रसिद्ध तीर्थस्थल चित्रकूट, रामायण के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर आदि प्रमुख पर्यटन स्थल अवस्थित हैं। इन प्रसिद्ध स्थलों को एक नये राट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग विगत कई वाँ से जनता द्वारा की जा रही है।

अतः झांसी खजुराहो कालिंजर चित्रकूट राजापुर इलाहाबाद तक एक नया राट्रीय राजमार्ग निर्मित करने की आवश्यकता है, जो झांसी और इलाहाबाह दोनों ओर अन्य राट्रीय राजमार्गों से जुड़ जायेगा। इससे विदेशी और देशी पर्यटकों को रेल मार्ग के अभाव में सड़क मार्ग की सुविधा मिल जायेगी।